दिनांक 23 मार्च 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भारत माता की जयकारों से गुंजा शहीद गार्डन, शहीद दिवस पर अब हर वर्ष होंगे शहीदों की याद में आयोजन

भिलाई नगर/ शहीद दिवस के अवसर पर आज शहीद उद्यान में हजारों की संख्या में लोग शहीदों की याद में उपस्थित थे। विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल , सभापति गिरवर बंटी साहू , निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण कर सभी शहीदों को नमन कर याद किया। इस अवसर पर शहीद उद्यान में देशभक्ति का नारा गूंज उठा। विभिन्न देश भक्ति के नृत्यों से एवं देश भक्ति के गायन से परिसर देश भक्ति मय हो गया। चारों ओर भारत माता के जयकारे और वंदे मातरम का नारा गूंजने लगा। मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि शहीदों ने जो लड़ाई लड़ी और जो बलिदान दिया उसकी बदौलत आज हम चैन की सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहीद उद्यान युवाओं का प्रेरणा स्रोत भी है जिन्होंने अपने बलिदान दिए हैं उनके आदर्शो पर चलने का मार्ग शहीद उद्यान में आकर जानने का और समझने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि सिविक सेंटर की तस्वीर भी बदलेगी और खूबसूरत तथा आकर्षक रूप में शहर का सेंट्रल ऑफ अट्रैक्शन के रूप में नजर आएगा। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी एवं रामानंद मौर्या , महापौर परिषद के सदस्य सीज़ू एंथोनी , एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर, रीता सिंह गेरा , नेहा साहू, मन्नान गफ्फार खान , केशव चौबे, मीरा बंजारे, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गवई, लालचंद वर्मा एवं पार्षद रिकेश सेन मौजूद रहे। शहीद उद्यान में बनेगा रीडिंग जोन विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल ने कहा कि शहीद उद्यान में जल्द ही रीडिंग जोन बनाया जाएगा जहां पर बच्चे अपनी पढ़ाई अच्छे से कर पाएंगे। शिक्षा की दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए रीडिंग जोन का काम किया जाएगा। बड़े ही सुव्यवस्थित तरीके से रीडिंग जोन को तैयार किया जाएगा और बड़े मात्रा में बच्चे अपनी पढ़ाई रीडिंग जोन के माध्यम से कर पाएंगे और उच्च शिक्षा की ओर आगे बढ़ेंगे।शहीदों की याद में अब हर वर्ष होंगे कार्यक्रम , इस दिन शहीद पार्क में शहीदों को नमन कर किया जाएगा याद, महापौर परिषद में लिया गया निर्णय महापौर नीरज पाल ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए यह घोषणा की अब हर वर्ष शहीद उद्यान में शहीदों की याद में कार्यक्रम किया जाएगा और शहीदों को इस दिन नमन किया जाएगा। महापौर परिषद की बैठक में इस फैसले को आज सर्वसम्मति से पारित किया गया है। महापौर ने कहा कि हम किसी पद पर रहे न रहे , परंतु शहीदों की याद में प्रत्येक वर्ष शहीद उद्यान में शहीदों को नमन करने आयोजन किया जाएगा इसके अलावा 15 अगस्त और 26 जनवरी को भी राजकीय सम्मान के साथ आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है प्रतिदिन सैकड़ों लोग और उनके परिवार शहीद उद्यान में पहुंचते हैं और लेजर शो तथा म्यूजिकल फाउंटेन का आनंद उठाते हैं।